# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-1

## संक्षिप्त कार्य विवरण

### पत्रक भाग-एक

**सोमवार, दिनांक 25 जुलाई, 2005 (श्रावण 3, 1927)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वन्देमातरम" के गायन से प्रारम्भ हुई.

### 2. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा भूतपूर्व राज्यपाल बिहार एवं भूतपूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश श्री गोविंद नारायण सिंह,भूतपूर्व राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री विष्णुकांत शास्त्री, भूतपूर्व राज्यपाल बिहार श्री सुन्दर सिंह भंडारी, भूतपूर्व उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश विधान सभा श्री रामचन्द्र माहेश्वरी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा डॉ. गौरीशंकर शास्त्री, श्री परमानंद भाई पटेल, श्री गौरीशंकर शुक्ला, श्री रमाकांत खोड़े, श्री अवन्तिका प्रसाद मरमट, श्री बैजनाथ प्रसाद सक्सेना, श्री के.पी. बस्तवार तथा श्रीमती गिरजा कुमारी के निधन पर शोकोद्‌गार व्यक्त किये गये।

मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल गौर, नेताप्रतिपक्ष श्रीमती जमुना देवी, सदस्यगण कुंवर विजय बहादुर सिंह बुन्देला, श्री रामलखन शर्मा, श्री लाखन सिंह बघेल, श्री मनमोहन शाह बट्‌टी, श्रीमती सरोज बच्चन नायक, श्री हमीद काजी तथा डॉ. सुनीलम ने भी शोकोद्‌गार व्यक्त किये।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्तजन के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.05 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 26 जुलाई, 2005 (श्रावण 4, 1927) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**